## सार-समाचार

### चारित्र पद की आराधना की



**डूंगरपुर, (निसं)।** श्री जैन श्वेताम्बर संघ के सानिध्य में इन दिनों जिले भर में नव पद ओली की आराधना पूरे यौवन पर है। बुधवार को आठवें दिन तपस्वीयों ने चारित्र पद की आराधना की। इस अवसर पर नव पद ओली के आठवें दिन चारित्र पद की विशेषता बताते हुए पूज्य पवित्र रत्न सागर जी ने कहां की आज कल के मां-बाप को बच्चो के करियर बनाने में इंटरेस्ट हैं। उतना चारित्र निर्माण में नही है। श्रावक का एक ही लक्ष्य होता हैं, संसार छोडकर में साधु कब बनू। श्रावक की तमन्ना होनी चाहिए जन्म मुझे मकान में मिला लेकिन मृत्यु मेरी उपाश्रय में हो। कुमारपाल महाराजा प्रतिदिन परमात्मा के सामने दीक्षा प्राप्त हो ऐसी प्रार्थना करते थे। वस्तुपाल तेजपाल महामंत्री भी परमात्मा के पास एक ही चीज मांगते थे की आपके शासन का ये साधु वेश कब मिले। परमात्मा के पास जाओ तो केवल मोक्ष और दीक्षा की ही मांगनी करना संसार की चीज का नहीं। प्रभु कृपा से ही गुरु मिलते हैं और गुरु कृपा से ही प्रभु मिलते है। पूज्य श्री ने कहा पूज्य मुनि रत्न सागर जी आज रात्रि से सोला दिवसीय मौन और गुप्त साधना का प्रारंभ करेंगे जिसमे प्रतिदिन सोला घंटे का जाप और तपस्या में आयंबिल का तप करेंगे। जिसमे दिन में केवल एक बार उबला हुआ खाना लेंगे। जिसमे दूध दही घी तेल गुड और शक्कर का त्याग करेंगे। इससे पूर्व नवपद ओली के तहत ओटा स्थित नेमिनाथ मंदिर एवं जैन सोसायटी स्थित संभवनाथ जिनालय में साध्वी दक्षयशा श्रीजी के सानिध्य में भगवान की पूजा अर्चना की गई। इसके पश्चात देववंदन तथा स्नात्रपूजा का आयोजन किया गया। साथ ही प्रात: व रात्रि को व्रतधारी महिलाओ ने प्रतिक्रमण तथा दिन को आयम्बिल करके आराधना की गई।

### सीएलजी व शांति समिति की बैठक ली

**कपासन, (निसं)।** डीएसपी हरजी लाल यादव ने पदभार ग्रहण करने के बाद आज शाम 6 बजे सीएलजी और शांति समिति की परिचयात्मक बैठक लेकर कर आपसी समन्वय बना कर चलने का आग्रह किया। अपराधों की रोकथाम में सहयोग करने का आव्हान किया। डीएसपी यादव ने यहां मंगलवार को पदभार ग्रहण किया। इसके बाद आज बुधवार शाम को सीएलजी ओर शांति समिति के सदस्यों की परिचयात्मक बैठक लेकर ओर अपना परिचय देते हुए सदस्यों का परिचय लिया।पुलिस के साथ सामंजस्य बना कर चलने, सामाजिक सद्भावना, भाईचारा बनाएं रखने, अपराधों पर नियंत्रण करने, सोशल मीडिया का मिस यूज रोकने में सहयोग करने का आ ान किया। ताकि क्षेत्र में अमन चैन बना रहे।पुलिस के साथ सामंजस्य बना कर चलने, सामाजिक सद्भावना, भाईचारा बनाएं रखने, अपराधों पर नियंत्रण करने, सोशल मीडिया का मिस यूज रोकने में सहयोग करने का आव्हान किया। ताकि क्षेत्र में अमन चैन बना रहे।बैठक में शिवशंकर उपाध्याय, मुख्तियार पटेल, शराफत हुसैन भाटी, सैयद अख्तर अली, अशोक विजयवगी, सोहन खटीक पंकज सिरोया, विकास बारेगामा, हजारीलाल खटीक, अशोक विजयवर्गीय, गौरव बारेगामा, महबूब शाह, मनोज चाष्टा, मोहम्मद शरीफ, मोहम्मद जाहिर,इब्राहिम टेलर आदि मौजूद रहे। इससे पूर्व डीएसपी हरजी लाल ने पदभार संभालाने के पश्चात कार्यलय में पत्रकार प्रमेंद्र सिंह राजपूत ने शिष्टाचार भेंट किया। वह स्वागत किया।

### कुएं में डूबने से बच्चे की मौत

**डूंगरपुर, (निसं)।** सदर थाना क्षेत्र के देवल खास गांव में कुएं में डूबने से एक 6 साल के बच्चे की मौत हो गई। शव का जिला अस्पताल की मोर्चरी में पोस्टमॉर्टम कराकर परिजन को सुपुर्द किया। वहीं, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सदर थाना क्षेत्र के देवल खास गांव में कुंए में डूबने से एक छह साल के युवक की मौत हो गई। मृतक बच्चे के पिता दिलीप मनात ने बताया कि उसका 6 साल का बेटा हार्दिक अपनी मां सूमित्रा के साथ घर से कुछ दूरी पर स्थित खेत में गया था। मां खेतों में घास काट रही थी। इस दौरान हार्दिक खेलते हुए पास ही में बिना मुंडेर के कुएं में गिर गया। कुछ देर बार खेतों में तलाश करने के बाद हार्दिक नहीं मिला। मां सुमित्रा ने रोते हुए परिवार जन को सूचना दी। इसके बाद सारे परिवार के लोग ढूढते हुए कुएं के पास पहुंचे। जहां पर शव दिखा। सूचना मिलने पर मौके ग्रामीण और देवल चौकी से जाब्ता पहुंचा। ग्रामीणों की मदद से कुएं से शव को बाहर निकाला गया। इसके बाद पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द किया। वहीं, मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### विश्व हाथ धुलाई दिवस मनाया

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिले के बिछीवाडा ब्लॉक अंतर्गत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कालापाना में शिक्षा विभाग और टाटा ट्रस्ट की सहयोगी संस्था सेंटर फॉर माइक्रोफाइनेंस द्वारा अंतरराष्ट्रीय हैंड वाश-डे दिवस मनाया। सीएफ ब्लॉक अधिकारी मुकेश शर्मा ने बताया कि श्आपके हाथए आपका भविष्यश् थीम पर वैश्विक स्तर पर हर साल यह दिन 2008 से हाथ धोने के प्रति जागरूकता दिवस के रुप में मनाया जाता है। जिसका मुख्य उद्देश्य सभी वर्ग एवं समुदायों के बच्चों, बच्चियों में नियमित साबुन से हाथ धोने की आदत को विकसित करना एवं उनके जीवन व्यवहार में लाना है। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य मगनलाल भगोरा व शिक्षक शंकर लोहार सहित विद्यार्थी मौजूद रहे।

# विशेष सफाई अभियान से निखरी इरिगेशन पाल

**राजसमंद, (निसं)।** करें प्रयास तो सब कुछ आसान है, मंजिल का रास्ता भी फिर गुलजार है। हौंसले बुलंद हो तो रुकावटें भी झुकें, इंसान के ज बे में बसी हर जीत की दरकार है। यह पंक्तियां विशेष सफाई अभियान के दौरान इरिगेशन पाल गार्डन की बदली तस्वीर पर बिल्कुल सटीक बैठती है। राजसमंद झील स्थित इरिगेशन पाल पर बने गार्डन में एक विशेष सफाई अभियान की दरकार थी। यहां जगह-जगह कचरा पडा था जो आखिर साफ हुआ और पाल

■ **टहलते लोगों ने कहा पाल हो तो ऐसी, अब हो रहा बेहतर अनुभव**

निखर गई। जो फाउंटेन सालों से बंद पडा था वह चालू हो गया। घास की कटिंग होने से पार्क की खूबसूरती में चार चांद लग गए।

सफाई कर्मियों ने बडी हो चुकी झाडियां को काट कर हटा दिया। टूटे हुए डस्टबिन और गमलों को यहां से हटाकर नए लगाए गए। पहले से लगे सभी डस्टबिनों को खाली कर साफ किया गया। पार्क में छोटे से छोटे प्लास्टिक के कचरे को उठाकर निस्तारित किया गया और दुकानदारों को अब कचरा नहीं होने देने के लिए पाबंद किया गया। यहां बच्चों के मनोरंजन के लिए एक मगरमच्छ की संरचना बनाई गई थी जो



विशेष सफाई अभियान के बाद निखर उठी इरिगेशन पाल की तस्वीरें।

गंदगी और बदबू से अटी थी अब इस पर भी कलर हो गया और बुधवार को बच्चे यहां खेलते हुए दिखाई दिए। एक ही दिन में मानों पूरा क्षेत्र परिवर्तित हो गया।

गौरतलब है कि साफ-सफाई को लेकर गंभीर और प्रतिबद्ध जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा के निर्देशन में 15 अक्टूबर से दस दिवसीय विशेष सफाई अभियान का शुभारंभ हुआ है। विशेष बात यह थी कि यह अभियान सिर्फ एक या दो नगरों या गांवों तक सीमित नहीं रहा। इस अभियान में जिले के सभी 5 नगर निकायों, नगर परिषद राजसमंद, नगर पालिका नाथद्वारा, भीम, आमेट, देवगढ और सभी 213 ग्राम पंचायतों ने हिस्सा लिया।पहले दिन राजसमंद नगरीय क्षेत्र में एक साथ लगभग 16० कर्मचारियों ने इरिगेशन पाल और गार्डन पर अभियान के रूप में सफाई कार्य किया। वहीं 1० बागबान को भी पौधों की सही से कटिंग करने और रखरखाव के लिए बुलाया गया। एसडीएम बृजेश गुप्ता ने सतत मॉनिटरिंग की। नगर परिषद ने जेसीबी मशीन सहित अन्य संसाधन दिए। खुद जिला कलक्टर असावा ने राजसमंद झील की इरिगेशन पाल पर पहुंचकर सफाई अभियान की शुरुआत की। कलक्टर ने इरिगेशन पाल गार्डन में स्वयं हाथों में झाडू लेकर सफाई की। साथ ही कटर से ग्रास कटिंग भी की। प्लास्टिक इकट्ठा कर उन्हें बोतलों में भरा। पार्क का कोई कोना नहीं छोडा जहां सफाई न हो। पुराने पडे लिगसी वेस्ट को भी साफ किया गया। झूलों की मरम्मत करने के भी निर्देश दिए

### बैठक 21 को

**डूंगरपुर, (निसं)।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष वल्लभ राम पाटीदार ने बुधवार को बताया कि चौरासी विधानसभा उप चुनाव को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक 21 अक्टूबर को सुबह 11 बजे सीमलवाडा होटल ऋतुराज में रखी गई है।

## शरद पूर्णिमा महोत्सव मनाया

**राजसमंद, (निसं)।** श्री द्वारकाधीश मंदिर में बुधवार को तृतीय पीठाधीश्वर गोस्वामी डॉ वागीश कुमार महाराज की आज्ञा से शरद पूर्णिमा महोत्सव पूरे हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रभु द्वारकाधीश को रात्रि की शरद की सेवा धराई गई। इसके तहत निज मंदिर स्थित रतन चौक में प्रभु द्वारकाधीश का महारास का मनोरथ सिद्ध किया गया। पूरे रतन चौक को आकर्षक श्वेत सजावट से सज्जित किया गया। प्रभु के समक्ष गोपियां श्वेत वस्त्रों में सजी-धजी हाथ में डांडिया लेकर रास करते हुए नजर आई। वहीं ग्वाले भी प्रभु को लाड लडा रहे थे। प्रभु द्वारकाधीश को विशेष श्वेत वस्त्रों के श्रंगार से सजाया गया। प्रभु को खीर का विशेष भोग लगा।

# पांच दिवसीय मेले में भजनों की प्रस्तुति ने किया मंत्रमुग्ध

**कपासन, (निसं)।** नगर पालिका के पांच दिवसीय दशहरा मेले में बीती रात भजन सम्राट छोटू सिंह रावणा की भजन संध्या आयोजित की गई, जिसमें भक्तिमय माहौल बना रहा। श्रीराम, खाटू श्याम और सांवलिया सेठ के भजनों पर श्रद्धालुओं के साथ विधायक अर्जुनलाल जीनगर भी जमकर नाचे। श्रद्धालुओं ने भजनों पर नोटों की भी बरसात की।

पं. दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम

■ **भजन संध्या का हुआ आयोजन**

में आयोजित इस भजन संध्या की शुरुआत छोटू सिंह रावणा ने मेरे घर राम आयेंगे और मेरे भारत का बच्चा बच्चा जय जय श्रीराम बोलेगा भजन से की। इससे श्रोतागण झूम उठे और जय श्रीराम के नारे लगाने लगे। विधायक अर्जुनलाल जीनगर समेत कई जनप्रतिनिधि भी स्टेज पर पहुंचकर नाचने लगे और नोटों की बरसात की।भजन गायक छोटू सिंह रावणा ने इसके बाद कई भजन प्रस्तुत किए, जैसे खाटू श्याम को समर्पित तीर



भजन संध्या में भजनों की प्रस्तुति देते कलाकार।

बाण के धारी तीनों बाण चलाओ ना, सांवलिया सेठ को समर्पित सांवलिया सेठ दे दे थारो भरियो रे भंडार, और महाराणा प्रताप पर नीले घोडे रे अश्वार म्हारा मेवाडी सरदार। भजन अमलीडो अमलीडो बाबो अमलीडो और हम खाटू वाले श्याम के दीवाने हो गए ने भी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्रद्धालु भजनों पर झूम-झूम कर नाचते रहे।शंकर सिंह लखा ने भी गोरी के लाल ने कमाल दिया, कीर्तन में आया और श्री रामजी के दूत बनकर बालाजी थारी हो रही जय जयकारा जैसे भजनों की प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया।भजन गायक छोटू सिंह रावणा ने इसके बाद कई भजन प्रस्तुत किए, जैसे खाटू श्याम को समर्पित तीर बाण के धारी तीनों बाण चलाओ ना, सांवलिया सेठ को समर्पित सांवलिया सेठ दे दे थारो भरियो रे भंडार, और महाराणा प्रताप पर नीले घोडे रे अश्वार म्हारा मेवाडी सरदार। भजन अमलीडो अमलीडो बाबो अमलीडो और हम खाटू वाले श्याम के दीवाने हो गए ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## सार-समाचार

### गैस आधारित शवदाह गृह का लोकार्पण



**बांसवाड़ा, (निसं)।** नगर परिषद् तथा मोक्षधाम विकास समिति के तत्वावधान में 47 लाख रुपए की लागत से निर्मित गैस आधारित शवदाह गृह का विधि विधान से लोकार्पण किया गया। अध्यक्षता करते हुए नगर परिषद् सभापति जैनेन्द्र त्रिवेदी ने कहा कि शहर तेजी से विकास की ओर अग्रसर है ऐसे में हमें पर्यावरण के विषय में भी सोचना होगा। सनातन संस्कृति में 16 संस्कारों का महत्व है इसमें भी अंतिम संस्कार के प्रति विशिष्ट भाव होता है। अंतिम प्रक्रिया के समय कोई परेशानी नहीं हो इसी उद्देश्य से गैस आधारित शवदाह गृह का शुभारम्भ किया गया है। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री भवानी जोशी ने कहा कि समय तेजी से साथ बदल रहा है ऐसे में हमें भी इसके साथ कदमताल करनी होगी। उन्होंने कहा कि गैस आधारित शवदाह गृह से समय, धन तथा लकडियों की बचत होगी इससे पर्यावरण बचेगा। उन्होंने कहा कि ऐसे पुण्य के कार्यो में भामाशाहों को आगे आकर महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। मोक्षधाम विकास समिति के अध्यक्ष सुनील दोसी ने कहा कि गैस आधारित शवदाह गृह के लिए भामाशाहों ने खुलकर दान दिया है। उन्होंने कहा कि समिति का सदैव यह प्रयास रहता है कि मोक्षधाम में पर्याप्त सुविधाएं मिले जिससे किसी को परेशानी नही झेलनी पडे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि महावीर अग्रवाल व राजीव कोठारी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत मोक्षधाम विकास समिति के अध्यक्ष दोसी, संदीप चेलावत, कमलेश पटेल, राजु भाई सराफ, सुरेश गुप्ता, परेश गुप्ता, देवेन्द्र शाह, सुभाष भट्ट, प्रमोद जोशी, सोनू जोशी, राजेश हजारी, गोविन्दा सोनी, उमेश सागवाडिया ने किया।इस अवसर पर गैस आधारित शवदाह गृह के निर्माण में 22.5० लाख का सहयोग देने के लिए महावीर प्रसाद अग्रवाल, लक्ष्मीकांत अग्रवाल, राजीव कोठारी का सम्मान किया गया।

### ग्रामीणों ने कलक्टर को सौंपा ज्ञापन

**डूंगरपुर, (निसं)।** पंचायत समिति के अन्तर्गत नरेगा हो, वाटरशेड, हेडपम्प केटलशेड या आम जन को लाभान्वित करने वाली कोई भी योजना हो उसमे भ्रष्टाचार का अम्बार लगा हुआ है और इस संबंध में लगातार भ्रष्टाचार को लेकर रिपोर्ट आने के बावजूद जिला प्रशासन स्तर पर कोई कार्यवाही नहीं होना न केवल भ्रष्टाचार को बढावा दे रहा है अपितु अधिकारियों व कर्मचारियों को लूट खसोट की खूली छूट देने का मामला सामने आ रहा है। माडा ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार के कई मामले पूर्व में भी प्रकाशित हुए थे, लेकिन विभागीय अधिकारियों द्वारा सेह देने के कारण भ्रष्टाचार का ग्राफ लगातार बढता ही जा रहा है। बुधवार को माडा ग्राम पंचायत में जल जीवन मिशन योजना जिसके माध्यम से ग्राम वासियों को पेयजल उपलब्ध कराना था, लेकिन 2020में प्रारंभ हुई यह योजना चार साल गुजर जाने के बावजूद अभी तक ग्राम वासियों को राहत नहीं प्रदान कर सकी है। जब कि इसको लेकर कई बार ग्रामीणों ने जिला कलक्टर सहित संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन भी दिये है। यही नहीं माडा ग्राम पंचायत में नरेगा कार्यो, वाटरशेड, केटलशेड सहित लाभकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार चरम सीमा है। लेकिन ग्रामीणों की शिकायत को प्राथमिक स्तर पर कोई तवज्जो नहीं मिल रही है। जिसके चलते भ्रष्टाचार का ग्राफ लगातार बढता ही जा रहा है। और इसी के चलते यह 2.52 करोड रूपयों की योजना पानी में बह रही है। जब कि इस कार्य को 2021 से पूर्व पूर्ण करना था,लेकिन वह कार्य आज तक पूरा नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन स्तर पर एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से भी जांच करवाने की मांग की है।

### कवि सम्मेलन आयोजित

**देवगढ़, (निसं)।** नगर में चल रहे करणी माता विशाल पशु एवं दशहरा मेले में मंगलवार रात्रि को अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन आयोजित हुआ। कार्यक्रम में कवियों ने श्रोताओं को भोर तक बाँधे रखा।कवि सम्मेलन के प्रारम्भ में नगर पालिका अध्यक्ष शोभालाल रेगर, अधिशाषी अधिकारी विजेश मंत्री, जिला संघ चालक नारायण लाल उपाध्याय, नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह व आगंतुक कवियों ने माँ सरस्वती व करणी माता के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का प्रारम्भ किया।प्रारम्भ में संचालन करते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश कँसारा ने कवियों का परिचय देते हुए सभी का सम्मान करवाया और कवि सम्मेलन की बागडोर संयोजक कवि भरत त्रिपाठी को सौंपी गई।कवि सम्मेलन की शुरुआत रतलाम से आई हुई कवयित्री सुमित्रा सरल द्वारा सरस्वती वंदना से की गई।कांकरोली से आए नवोदित कवि गौरव पालीवाल ने हम तो चाकर हैं वा चार हाथ वारे के..जैसे श्रीनाथ जी के छंद सुनाए, हास्य कवि कानू पंडित ने अपनी चुटिली बातों से और हास्य की टिप्पणीयों से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया साथ ही ज़िन्दगी में लाख ऊंची हो भले उड़ान तेरी परिवार के प्रति तूं फ़र्ज़ मत भूलना खुद की जवानी तेरी जिंदगी को देदी प्यारे ऐसे बूढ़े पिताजी का कर्ज मत भूलना... जैसी गंभीर पंक्तियों से श्रोताओं को सोचने पर विवश कर दिया। ओजस्वी कवि सतीश आचार्य ने सिंधु की सभ्यता से मिला ये प्रमाण था,ईसा से पूर्व भी यहां हिंदुस्थान था।जब लोग दुनियां में नंगे डोल रहे थे, तोते यहां के वेदमंत्र बोल रहे थे.... सहित देशभक्ति से सरोबार कविताओं से श्रोताओं में जोश भरा।

# उद्योगपति को माहौल और सुविधाएं देंगे ताकि लोगों को रोजगार मिल सके : खराड़ी

**बांसवाड़ा, (निसं)।** हम भोग वाद में विश्वास नहीं करते वरन् तेरा वैभव अमर रहे मां की भावनाओं के साथ अपना जीवन देश के लिये समर्पित करते हैं। ऐसे में विश्वास की नींव हर मंजिल पर रखी जायेगी। उक्त उद्गार होटल उत्सव में आयोजित जिला स्तरीय निवेश सम्मेलन में आयोजित राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट मिट कार्यक्रम में केबिनेट मंत्री बाबूलाल खराडी ने व्यक्त किये।

खराडी ने कहा कि पुरुषार्थ और परिश्रम से ही देश में समृद्ध सांस्कृतिक परम्पराएं रखी है इसलिये आज एक शक्तिशाली राष्ट्र के रुप में हम स्थापित हुए हैं और प्रतिदिन 18 घंटे काम करने वाले प्रधानमंत्री ने दुनिया में भारत को मजबूत आधार प्रदान किया है लेकिन कुछ लोग और ताकतें भारत को विकसित राष्ट्र के रुप में नहीं देखना चाहती ऐसे में नित्य नये षड्यंत्र हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम उद्योगपति को माहौल और सुविधाएं देंगे ताकि लोगों को रोजगार मिल सके। उन्होंने बताया कि सोलर प्लांट पर 40 फीसदी सब्सिडी दी जा रही है और अगले वर्ष तक राजस्थान भी बिजली के मामले में आत्मनिर्भरता से आगे बढ जायेगा। उन्होंने बताया कि रेल सेवाएं भी यहां मुहैया की जायेगी। खराडी ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल एवं संवेदनशील नेतृत्व में विकसित एवं अग्रणी राजस्थान के ध्येय को साकार





ब्रोशर का विमोचन करते केबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी ( बीच में ) व अन्य।

करने के लिए सरकार अनवरत कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जिले की आबोहवा के अनुरुप उद्योग की अपार संभावना है। उन्होंने उद्योगपति रतन टाटा को भी याद करते हुए कहा कि आज भी वे लोगों के दिलों में हैं हमें भी ऐसे ही जनहित के कार्य करने होंगे। जिला प्रमुख रेशम मालवीया ने कहा कि जिले में जितने उद्योग लगेंगे उतने रोजगार के अवसर मिलेंगे। उन्होंने क्षेत्र में हवाई सेवा की जरुरत भी बताई। विधायक कैलाश मीणा ने कहा कि जितने उद्योग लगे हैं उससे रोजगार उतना नहीं मिल पा रहा है जितनी जमीन खराब हो रही है। उन्होंने भी हवाई सेवा की वकालात की। साथ ही उन्होंने जिले को फोर-लेन से जोडने के प्रयासों का भी आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर जिले का समग्र विकास करेंगे। प्रभारी सचिव जीबी चतुर्वेदी ने अध्यक्षता करते हुए बताया कि जिले को फोर-लेन से जोडने के प्रयास किये जायेंगे और जरुरत हुई तो दिल्ली भी बात की जायेगी। उन्होंने कहा कि समय सबका इलाज करता है। उन्होंने कहा कि हमें मशीनों के साथ-साथ मानव श्रम पर भी ध्यान देना होगा। जिला कलक्टर डॉ. इन्द्रजीत यादव ने बताया कि उद्योगों के प्रतिनिधियों से मिलें हर सुझाव राज्य सरकार को विस्तृत रिपोर्ट के साथ प्रेषित कर दिये गये हैं और विकास के लिये हरसंभव प्रयत्न किये जायेंगे। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला, भाजपा जिलाध्यक्ष लाभचंद पटेल भी बतौर अतिथि मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान 52 निवेशकों से 8936.46 करोड़ रूपये के निवेश के एमओयू हस्तान्तरण हुआ। उक्त निवेश में जिले में लगभग 11 हजार 800 का रोजगार सृजन सम्भावित है।

इस अवसर पर आरएसडब्ल्युएम के एनके बहेडिया ने कहा कि यह शांतिप्रिय क्षेत्र है और यहां मेनपॉवर भी सहजता से मिल जाता है लेकिन पॉलिसियों में विकृतियां होने से लोग

■ **52 निवेशकों से 8936.46 करोड़ रूपये के निवेश के एमओयू हस्तान्तरण**

अन्य राज्यों का रुख करते हैं। उन्होंने बताया कि उद्योगों में 70 फीसदी पैसा राजस्थानियों का है लेकिन वे अपना निवेश अन्य राज्यों में करते हैं। यदि इन हालातों का अवलोकन किया जाये और समस्याओं का समाधान किया जाये तो राज्य चौगुनी प्रगति कर सकता है। उन्होंने बताया कि प्लास्टिक की बोतलों से भी कंपनी कपडा बनाती है। उन्होंने बताया कि गत बार हुए 35० करोड के एमओयू का कार्य पूरा कर लिया गया है और शीघ्र ही इसका शुभारंभ किया जायेगा। उन्होंने कहा कि यदि पॉलिसी में एकरुपता हो तो निवेशकर्ताओं की संख्या बढ जायेगी। उन्होंने बिजली तंत्र की कमजोरियों का भी उल्लेख किया। साथ ही एसटी-एससी की जमीनें होने से उद्योगपतियों को होने वाली समस्याओं से अवगत कराया। इस अवसर पर लघु उद्योग भारती संघ के अध्यक्ष डीडी शर्मा ने बताया कि चौबीसों का पाडला में उद्योग स्थापित किये गये लेकिन वहां बिजली और सडक की समस्या है। यदि जंगल जमीन की पैमाइश कर जीएसएस के लिये जगह दी जाये तो इन उद्योगों को बढावा मिलेगा।

# बकाया मानदेय दीपावली से पूर्व कराने की मांग



केंद्रीय मद का 6 माह से बकाया मानदेय दीपावली से पूर्व कराने की मांग करती आंगनवाडी कार्यकर्ता।

**डूंगरपुर, (निसं)।** राजस्थान आंगनबाडी कार्यकर्ता एवं सहायिका यूनियन जिला कमेटी डूंगरपुर की बैठक नेहरू पार्क में जसोदा परमार जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में आंगनबाडी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को मिलने वाले 4500 रुपए अल्प मानदेय का समय पर भुगतान नहीं होने को लेकर रोष वक्त करते हुए राज्य केंद्र सरकार तथा प्रशासन से मांग की कि केंद्र व राज्य मद से मिलने वाले मानदेय का एक साथ प्रतिमाह की पहली तारीख को नियमित करने की पुख्ता व्यवस्था करें। यह बहुत ही चिंताजनक है की केंद्रीय मद से मिलने वाली राशि पिछले 6 माह से बकाया चल रही है। बेहताशा बढती महंगाई के दौर में बहुत ही अल्प मानदेय पर काम करने वाली महिलाएं भारी आर्थिक तथा घर की व्यवस्था चलाने में बहुत ही मुश्किलों का सामना कर रही है, समय पर मानदेय नहीं मिलने से मानसिक और सामाजिक प्रताडना झेलनी पडती है। यूनियन ने मांग की है कि मनादेय का भुगतान तत्काल दीपावली से पूर्व किया जाना चाहिए। विभाग द्वारा करवाए जा रहे हैं। विभिन्न कार्यों के बदले मिलने वाली सहायता राशि जिले भर में बकाया चल रही है जिसमें प्रमुख रूप से पोलियो दवाई पिलानेएपोषण ट्रैक्टर प्रोत्साहन राशि, प्रति माह दो गोद भराई सामग्री खर्च राशि 500, मोबाइल रिचार्ज राशि पिछले 1 वर्ष का, रसोई गैस भराई, आयुष्मान भारत कार्यक्रम उडान योजना में सेनेटरी नेपकिन वितरण, महीने में चार बार घर-घर जाकर सर्वे कार्य करने, प्रथम द्वितीय डिलीवरी की सूचना ऑनलाइन फार्म भरने का खर्च, बैठकों का यात्रा भत्ता है। बैठक में जानकारी मिली कि कार्यक्रम में होने वाले खर्च कार्यकर्ता अपने जेब से करती हैं जो वापस नहीं मिलता जिसे यूनियन ने बहुत ही गंभीर माना है और चेतावनी दी है कि समय पर भुगतान नहीं मिले तो आंदोलन शुरू करने पर बाध्य होना पडेगा साथ ही यूनियन ने आंगनबाडी केन्द्रो पर तार जोडकर फिटिंग कार्य पूर्ण करने की राशि का भुगतान किया जाये।

## सार-समाचार

### क्यू कनेक्ट क्वालिटी वीक आयोजित



**उदयपुर**, (कासं)। गीतांजली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में क्यू कनेक्ट क्वालिटी वीक 2024 का 8 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक आयोजन किया गया। गुणवत्ता एवं मान्यता विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ निशा पोरवाल एवं उप प्रबंधक श्री रियंक गांगावत ने बताया की इनमें पेशेंट एंड एम्प्लॉय सेफ्टी डे, हैंड हाइजीन डे एवं ट्राई शील्ड सेफ्टी डे के अंतर्गत ट्रेनिंग एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें गीतांजली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के सभी स्टाफ ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कॉम्पिटिशन में जीतने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन गुणवत्ता विभाग की अनुषा जैन द्वारा किया गया ।

### ईवा मेला आज से

**उदयपुर**, (कासं)। अनुपम महिला क्लब, उदयपुर द्वारा आयोजित होने वाले ईवा 2024 मेला आज से शुरू होने वाला है। 17 से 19अक्टूबर तक चलने वाले इस मेले का श्रीगणेश जिलाधीश अरविंद पोसवाल द्वारा संपन किया जाएगा।क्लब अध्यक्ष ममता बोहरा ने बताया कि अनुपम महिला क्लब पिछले अठारह वर्षो से बहुत वृहद स्तर पर ईवा प्रदर्शनी का आयोजन करता रहा है। क्लब की सचिव कविता बडजात्या ने बताया कि ईवा की यह तीन दिवसीय एग्जीबिशन 17 अक्टूबर से 19तक सॉलिटेयर गार्डन, डीपीएस रोड, मीरा नगर में लगाया जाएगा। क्लब की उपाध्यक्ष मीनू जैन ने जानकारी देते हुवे बताया कि इस वर्ष मेले के मुख्य आकर्षण के रूप में विशेष फूड कोर्ट, लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक दिन की खरीददारी पर निकाला जाने वाला लक्की ड्रा भी आकर्षण का केंद्र रहेगा। मेले के अंतिम दिन भव्य आयोजन के साथ रफेल ड्रा भी निकाला जाएगा। मेला चेयरपर्सन नंदिता चोकसी और प्रेमा दोशी ने बताया कि बहुप्रतीक्षित ईवा सबके स्वागत के लिए तैयार है।

### पिंक तंबोला इवेंट की पूर्व योजना पर बैठक

**उदयपुर**, (कासं)। गीतांजली हॉस्पिटल में उदयपुर की विख्यात महिलाओं का विशेष स्वागत किया गया। इस अवसर पर 19 अक्टूबर को होने वाले पिंक तंबोला इवेंट की पूर्व-योजना बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कार्यक्रम को प्रभावशाली और जनहितकारी बनाने के लिए विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम का नेतृत्व गीतांजली हॉस्पिटल के सीओओ ऋषि कपूर, डीजीएम सेल्स और मार्केटिंग कल्पेश चंद रजबार, और दीपमाला मेवाडा ने किया। बैठक के दौरान ब्रेस्ट कैंसर के प्रति जागरूकता बढाने और शुरुआती पहचान के महत्व को उजागर करने के लिए एक विस्तृत जागरूकता अभियान की योजना गीतांजली हॉस्पिटल की वरिष्ठ विशेषज्ञों डॉ अंजना वर्मा, डॉ पूजा गाँधी, डॉ सुमन परिहार, डॉ रेणु मिश्रा, डॉ कल्पना गुप्ता, डॉ सुषमा मोगरी, डॉ भामिनी जाखेटिया, डॉ शब्दिका कुलश्रेष्ठ के सहयोग से बनाई गई। इस अभियान का उद्देश्य समाज के महत्वपूर्ण और जीवन रक्षक जानकारी देना है। उल्लेखनीय है कि बैठक में उपस्थित महिलाओं ने अपने मूल्यवान सुझाव और दिशा-निर्देश साझा किए, जिससे कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बनाने के ठोस कदम उठाए गए। पूरे उत्साह और समर्पण के साथ यह तय किया गया कि पिंक तंबोला इवेंट न केवल जागरूकता फैलाएगा, बल्कि आशा और उम्मीद का संदेश भी देगा।

### चौहान चीफ कोच नियुक्त

**उदयपुर**, (कासं)। अंतराष्ट्रीय कैनो फेडरेशन द्वारा चीन व फिलीपींस में होने वाली ड्रैगन बोट की (वर्ल्डकप) चीन में 23 से 27 अक्टूबर 2025 को आयोजित होने वाली अंतराष्ट्रीय ड्रेगन बॉट प्रतियोगिता तथा 28 अक्टूबर से 4 नवम्बर तक फिलीपींस में आयोजित होने ड्रैगन बॉट वर्ल्ड चैंपियनशिप 2024 में भाग लेने वाली दोनों भारतीय टीमो के लिए भारतीय कयाकिंग एवं केनोइंग संघ ने उदयपुर के दिलीप सिंह चौहान को भारतीय ड्रैगन बोट टीम का चीफ कोच नियुक्त किया है। भारतीय कायाकिंग कैनोइंग संघ के अध्यक्ष प्रशांत कुशवाहा ने दी। उन्होंने बताया कि चौहान को अंतरराष्ट ीय कैनो फेडरेशन के द्वारा चीन वह फिलिपिन्स मे आयोजित होने वाली तकनिकी कॉन्फ्रेंस मे भी ड्रैगन बोट वह कायाकिंग कैनोइंग खेल के विकास के मुद्दों पर भारतीय कायाकिंग कैनोइंग संघ की और से प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। कुशवाह ने बताया कि दिलीप सिंह चौहान पूर्व में भी कई अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिताओ में भारतीय टीम के चीफ कोच की भूमिका सफलतापूर्वक निभा चुके है तथा पूर्व में भी करीब 5 बार विभिन्न अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारतीय टीम पदक जीत चुकी है जो कि उदयपुर व राजस्थान के लिए गौरव की बात है।

### छात्रों ने शैक्षणिक भ्रमण किया

**उदयपुर**, (कासं)। बीएन के भूविज्ञान विभाग के छात्रों ने शैक्षणिक भ्रमण किया। भूपाल नोबल्स विवि के विज्ञान संकाय डीन डॉ रेणु राठौड ने बताया की के भूविज्ञान विभाग के प्रथम सेमेस्टर छात्रों ने शैक्षणिक भ्रमण के तहत उदयपुर-चित्तौड क्षेत्र में स्थित विभिन्न भूवैज्ञानिक सरंचनाओ,चट्टानों और खनिजों का सर्वेक्षण एवं अध्ययन किया। उदयपुर के पास में देबारी में स्थित तुलसीनामला में 330 करोड वर्ष पुरानी चट्टानों, तथा उसमे पाये जाने वाले पिरोफाइलाइट, जैसे खनिजो का नवानिया में स्थित कार्बोटनाइट जैसे आग्नेय शैलों का अध्ययन किया और चित्तौडगढ में स्थित बोजुन्दा में स्थित स्ट्रोमेटोलाइट और 80 करोड पुरानी चट्टानों का सर्वेक्षण किया। साथ ही चित्तौड जिले में ग्रेट बाउंड्री फाल्ट और माण्डलदा के चॉकलेटी कलर के मार्बल माईन्स तथा सावा स्थित चाइना क्ले माईन्स का दौरा किया।

# विधानसभा उपचुनावः मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने की तैयारियों की समीक्षा

**उदयपुर**, (कासं)। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से विधानसभा उपचुनाव-2024 की घोषणा के साथ ही राज्य निर्वाचन विभाग ने निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर कवायद तेज कर दी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बुधवार को उपचुनाव वाले जिलों के अधिकारियों की वीडियो कांफ्रेन्स के माध्यम से बैठक लेकर चुनाव तैयारियों की समीक्षा की।

- **मतदाता सूचना पर्ची, ब्रेल मतदाता सूचना पर्ची, महिला, दिव्यांगजन व युवा मतदान केंद्र, ग्रीन बूथ आदि की तैयारियों से अवगत कराया**

बैठक में उदयपुर से जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द पोसवाल ने सलूम्बर विधानसभा उप चुनाव को लेकर अब तक की तैयारियों से अवगत कराया। उन्होंने मतदाता सूची, मतदान केंद्र,, इवीएम-वीवीपेट रेण्डमाइजेशन, कार्मिकों का नियोजन व प्रशिक्षण, अभ्यर्थियों के आपराधिक मामलों के प्रकाशन की कार्ययोजना, निर्वाचन व्यय निगरानी, स्वीप गतिविधियों की कार्ययोजना, मीडिया सेल, पेड न्यूज और एमसीएमसी, मतदाता सूचना पर्ची, ब्रेल मतदाता सूचना पर्ची, महिला, दिव्यांगजन व युवा मतदान केंद्र, ग्रीन बूथ आदि की तैयारियों से अवगत कराया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान कानून व्यवस्था को लेकर भी पुलिस अधीक्षक उदयपुर योगेश गोयल और पुलिस अधीक्षक सलूम्बर राजेश कुमार से जानकारी ली। वीसी में उप जिला निर्वाचन अधिकारी दीपेंद्रसिंह राठौड़, एडीएम सिटी वारसिंह, सी ओ जिला परिषद हेमेंद्र नागर, सलूम्बर रिटर्निंग अधिकारी पर्वतसिंह, एमसीएमसी प्रकोष्ठ प्रभारी संयुक्त निदेशक जनसंपर्क डॉ कमलेश शर्मा, सीपीओ पुनीत शर्मा आदि उपस्थित रहे।



**मुख्य निर्वाचन अधिकारी को वीसी के माध्यम से उपचुनाव को लेकर की तैयारियों की जानकारी देते जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द पोसवाल।**

# ट्रांसपोर्ट व्यवसायी की मौत

**उदयपुर**,(कासं)। शहर के प्रतापरगर थानाक्षेत्र में ट्रांसपोर्ट कारोबारी की हृदयाघात से मौत हो गई।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सीकर हाल प्रतापनगर थाना क्षेत्र ढिकली पुराना आरटीओं रोड़ निवासी कैलाशचन्द्र (35) पुत्र शंकरलाल मीणा की हृदयाघात से मौत हो गई। कैलाश ट्रांसपोर्ट का कारोबार करता था। मंगलवार रात में अचानक तबीयत खराब होने पर परिजन उसे उपचार के लिए चिकित्सालय ले गए। जहां उसकी मौत होगई। सूचना मिलने पर हेडकांस्टेबल नरपतसिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। वहींअम्बामाता थाना क्षेत्र में युवती की अकाल मौत होगई। पुलिस सेजानकारी के अनुसार अम्बामाता थानाक्षैत्र हरिदासजी की मगरी निवासी मोनिका (24) पुत्री नंदकिशोर यादव की अकाल मौत हो गई।

## जेवरात व नकदी चोरी

**उदयपुर**, (कासं)। सुखेर थाना क्षेत्र में स्थित सूने मकान का चोर ताला तोड़ कर जेवरात व नकदी चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित प्रहलाद सिंह पुत्र मानसिंह झाला निवासी चित्रकूटनगर ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया।

## समीक्षा बैठक

**उदयपुर**, (कासं)। अगले माह जयपुर में होने वाले राइजिंग राजस्थान वैश्विक निवेश शिखर सम्मेलन की तैयारी के तहत सुखाड़िया विश्वविद्यालय की अकादमिक उपलब्धियां को प्रस्तुत करने के लिए बुधवार को कुलपति प्रो. सुनीता मिश्रा की अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

विवि के रजिस्ट्रार डॉ बीसी गर्ग ने बताया कि उक्त वैश्विक सम्मेलन में विश्वविद्यालय की उपलब्धियां प्रदर्शित की जाएगी। उपलब्धियां तैयार करने के लिए आयोजित समीक्षा बैठक में विभिन्न विषयों पर शिक्षकों से चर्चा की गई। विवि में संचालित कौशल विकास पाठ्यक्रम, अकादमिक सम्मेलन संगोष्ठी अनुसंधान परियोजनाओं, सीएसआर एक्सपोजर, परामर्श उत्कृष्टता केंद्र,बुनियादी ढांचे के विकास, स्मार्ट क्लास रूम, एलईडी डिजिटल डिस्प्ले, जीआईएस लैब, विदेशी भाषा पाठ्यक्रम डिग्री/डिप्लोमा, विदेशी भाषाओं के अल्पावधि प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम आदि की जानकारी प्रस्तुत की जाएगी। अकाउंटेंसी विभाग की ओर से ओमान सरकार के साथ एक एमओयू का प्रस्ताव दिया। साथ ही इंटरनेशनल आर्किटेक्चर संगठन के साथ मिलकर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस करवाने पर भी चर्चा हुई। होटल मैनेजमेंट विभाग की ओर से तैयार होने वाले स्किल कोर्स में टूर गाइड का 3 महीने का कोर्स राजस्थान सरकार के साथ मिलकर एमओयू के तहत किया जाएगा। होटल मैनेजमेंट विभाग को इस तरह के 10 कार्यक्रम पहले से आयोजित करने का अनुभव है, जिसके तहत 800 टूर गाइड तैयार किए गए हैं जिनको ग्रीन लाइसेंस मिला है। इसी प्रकार होटल मैनेजमेंट की ओर से आदिवासी क्षेत्रों में ट्राइबल रेस्टोरेंट खोलने की ट्रेनिंग भी दी जाएगी।

# ‘स्त्री चेतना की प्रतीक व भक्ति काल की गौरव थीं मीराबाई’



**‘मीराबाई एवं समकालीन साहित्य’ विषयक संगोष्ठी को एसएस सारंगदेवोत ने संबोधित किया।**

**उदयपुर**, (कासं)। भक्त शिरोमणि मीराबाई ने भक्ति काल में स्त्री शक्ति की पर्याय के रूप में अपनी पहचान बनाई और समाज में नारी जागरण का संदेश दिया।यह बात बुधवार को जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ के कुलपति प्रो. कर्नल एसएस सारंगदेवोत ने शरद पूर्णिमा पर मीरा जयंती के अवसर पर आयोजित ‘मीराबाई एवं समकालीन साहित्य’ विषयक संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए कही।

- **शरद पूर्णिमा पर आयोजित गोष्ठी में भक्त शिरोमणि मीराबाई के अवदान पर चर्चा की**

उन्होंने कहा कि मीरा के पद मानवीयता से ओतप्रोत हैं। मीरा अलौकिक ही नहीं, बल्कि लौकिक मूल्यों की बात भी करती हैं। मीरा किसी वर्ग विशेष से जुडी हुई नहीं थीं। कुलपति ने कहा कि मीरा के पदों को प्रामाणिकता के साथ आमजन के समक्ष लाने की आवश्यकता है। पांच शताब्दियों के बाद भी उनके पदों से आमजन को प्रेरणा मिल रही है। प्रो. सारंगदेवोत ने बताया कि विद्यापीठ में मीरा के जीवन पर एक प्रमाणिक ग्रन्थ का प्रकाशन किया जाएगा, जिससे शोधार्थियों को मीरा के जीवन और साहित्य को समझने में मदद मिलेगी। प्रो. मंजू चतुर्वेदी ने कहा कि मीरा की कविताओं में स्त्री सशक्तिकरण और भक्ति का संदेश है। उनकी रचनाएं आज भी प्रासंगिक हैं और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित करती हैं। उन्होंने मीरा को स्त्री चेतना का आदर्श बताया। उन्होंने कहा कि मीरा की रचनाएं भक्ति और प्रेम के साथ जीवन के लालित्य और सौंदर्य को प्रकट करती हैं। उनकी कविताओं में कृष्ण के प्रति गहरा प्रेम और समर्पण है। मीरा ने अपने जीवन में मायके और ससुराल के रूप में दोनो में ही संघर्ष की स्थिति को सहन किया और कृष्ण की भक्ति में लीन होकर सुंदर सुदर्शन रूप की कामना की। प्रो. सिम्मी सिंह चौहान ने मीरा पर लिखी गई स्वरचित कविताओं के माध्यम से स्त्री चेतना के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने, ‘भक्तिकाल का गौरव थी, नारी जागरण का संतरण थी, वाणी में था माधुर्य भाव, छंदों गीतों की सरगम थी, बंधन तोडे निडरता से, साहस की पराकाष्ठा थी, लौकिक को अलौकिक पर वारा, युग की अद्भुत कहानी थी, स्त्री चेतना का अखिल रूप, युगानुकूल गर्वित स्वर थी मीरा’ कविता सुनाकर मीरा के व्यक्तित्व व कृतित्व को याद किया। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि प्रो विनया क्षीरसागर, मुख्य अकादमिक अधिकारी धरोहर संस्था एवं पूर्व विभाग अध्यक्ष संस्कृत डेक्कन कॉलेज पुणे ने भी विचार साझा किए। संचालन मीरा अध्ययन एवं शोध संस्थान के समन्वयक डॉ यज्ञ आमेटा ने , धन्यवाद व आभार तकनीकी समन्वयक डॉ चंद्रेश छतलानी ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में परीक्षा नियंत्रक डॉ. पारस जैन, प्रो.जीवन सिंह खरकवाल, प्रो. प्रदीप त्रिका, डॉ. अवनीश नागर, डॉ. सुनीता मुर्डिया, डॉ. हीना खान, डॉ. नवल सिंह आदि मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज

**उदयपुर**, (कासं)। श्रीमाली समाज के क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज बुधवार को हुआ। टूर्नामेंट में पहले दिन तीन लीग मैच खेले गए। उद्घाटन मैच टीम मोरवीनन्दन और दवे एक्सपोर्ट्स के बीच खेला गया। उद्घाटन मैच का टॉस बीजेपी जिलाध्यक्ष रविंद्र श्रीमाली, समाज के अध्यक्ष दिग्विजय श्रीमाली और अन्य अतिथियों द्वारा किया गया। उद्घाटन मैच में टीम मोरवीनन्दन ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी का फैसला। दवे एक्सपोर्ट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 123 रन बनाए। मोरवीनन्दन टीम 124 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 4 विकेट पर 111 रन ही बना सकती। उद्घाटन मैच को दवे एक्सपोर्ट्स ने 12 रन से जीत लिया। टूर्नामेंट के पहले दिन तीन मैच खेले गए जिसमें दूसरा मैच टीम वैभव एचपी राजसमंद बनाम टीम गरुडा के बीच हुआ जिसमे वैभव एचपी राजसमन्द ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 18 ओवर में 10 विकेट गवाकर 108 रन बनाए। टीम गरुडा ने 109 का पीछा करते हुए 18 ओवर में 98 रन पर ऑल आउट हो गई। मैच में टीम वैभव एचपी राजसमंद ने 10 रन से जीत हासिल की। टूर्नामेंट के पहले दिन तीसरा मैच क्षेत्रपाल बनाम टीम उत्सव के बीच खेला गया टीम उत्सव ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 18 ओवर में 6 विकेट पर 158 रन बनाएं। 159 रन का पीछा करते हुए टीम क्षेत्रपाल 18 ओवर में 9 विकेट खोने के बाद 127 रन ही बना पाई। टीम उत्सव ने 31 रन से जीत हासिल की।

### 363 अपराधी गिरफ्तार

**उदयपुर**, (कासं)। उदयपुर जिला पुलिस ने अपराधियों की धरपकड़ एवं अपराधों की रोकथाम के लिए बुधवार तडके विभिन्न स्थानों पर दबीश देकर 363 अपराधियों को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेशगोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेशओझा, गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, अंजना सुखवाल, एवं जिले के सभी पुलिस उप अधीक्षकों के सुपरविजन में शहर के सभी थानाधिकारियों के नेतृत्व में गकिठत 100 से अधिक टीमें गठित कर जिले में करीब 500 स्थानों पर बुधवार तडके दबीश देकर कार्यवाही की गई। इस दौरान 363 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। इनमें आर्म्स एक्ट के 02, एनडीपीएएस एक्ट के 02, आबकारी अधनियम में 03, हत्या के प्रयास में एक, लूट में 02, धुम्रपाल एक्ट 01, 45 स्थाई वारंटी, गिरगफ्तारी वारंट में 37, अपराधियों को गिरफ्तार किया गया तथा 267 इंसीदादी कार्यवाही के तहत गिरफ्तार किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अपराधियों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। गंभीर अपराधों में सक्रिय 40 अपरधियों को चिन्हित कर उन पर निगरानी रखी जाकर हिस्ट्रीशिट खोली गई है। जिला पुलिस अधीक्षक ने अपराधियों से संबंध में पुलिस को सूचना देने पर गोपनीयता बरतने की बात कही है।

### धमका कर अवैध वसूली का मामला

**उदयपुर**, (कासं)। ऑनलाईन संपर्क करने के बाद शारीरिक संबंध बनवा कर दुष्कर्म के मामले में फंसाने की धमकी देकर पीडित से लाखों की नकदी मांगने वाली युवती के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित संकेत चितरोड़ा पुत्र. तीवनभाई चितरोड़ा निवासी सालेगिक प्रबंध निदेशक अम्बिका कॉम्प्लेक्स टेक्नोलॉजी दुर्गा इण्डस्ट्रीज स्टोर एन एच 8 जैन मंदिर के पास सर्विस रोड़ बरोड़ा गुजरात ने युवती के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि तीन वर्ष पूर्व ऑनलाईन संपर्क होने पर आरोपी के बुलावे में मैं शहर आया। जहां वह मुझे होटल में ले गई। इस दौरान लीविंग रिलेशन में रहने के दौरान आरोपी ने शारीरिक संबंध नहीं बनाने पर आत्महत्या करने की धमकी दी। इस पर मैंने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। कुछ समय बाद आरोपी ने जादू टोना करने एवं चले जाने पर बीच रास्ते मरने की धमकी दी तथा 50 लाख रूपये की मांग की। रूपये नहीं देने पर दुष्कर्म करने के मामले में फंसाने की धमकी दी।

### पिस्टल खरीद फरोख्त मामले में एक धरा

**उदयपुर**, (कासं)। शहर के अम्बामाता थाना पुलिस ने अवैध पिस्टल व कारतूस खरीद फरोख्त मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक कैलाश बोरीवाल के सुपरविजन में अम्बामाता थानाधिकारी डॉ. हनवंतसिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में गठित दल ने कार्यवाही करते हुए हिस्ट्रीशिटर मुजफ्फर उर्फ गोगा पुत्र मुश्ताक हुसैन निवासी नायकवाड़ी कुम्हारवाड़ा सूरजपोल को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से एक पिस्टल मय 3 कारतूस बरामद किए थे। जिससे पूछताछ की तो उसने उक्त हथियार सिकन्दर उर्फ लोटरी पुत्र मोहम्मद आजाद निवासी एफसीआई गोदाम के पीछे कावाखेड़ा कच्ची बस्ती कोतवाली भीलवाड़ा से खरीदना बताया था। इस पर थानाधिकारी डॉ.हनवंतसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने आरोपी सिकन्दर को डिटेन कर पूछताछ की तो उसने गोगा को पिस्टलय मय कारतूस बेचना स्वीकार किया।

### डॉ. मीनाक्षी माहुर का किया सम्मान

**उदयपुर**, (कासं)। भारतीय संस्कृति सभ्यता शिक्षा और प्रकृति पर कार्य करने वाली अन्तरराष्ट्रीय रोमा सांस्कृतिक विवि की ओर से आयोजित अन्तरराष्ट्रीय जनजाति संस्कृति समारोह जयपुर के जवाहर कला केंद्र में आयोजित हुआ। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य के लिये विभिन्न राज्यों के चुनिंदा व्यक्तियों को आई आरसीयू अन्तरराष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया । शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं अनुकरणीय योगदान के लिये राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय उदयपुर की डॉ मीनाक्षी माहुर, प्राणिशास्त्र, सहायक आचार्य, को आईआरसीयू अन्तरराष्ट्रीय शिक्षा सम्मान से केन्द्रीय जनजाति मंत्री भारत सरकार दुर्गादास उइके द्वारा सम्मानित किया।

## शव सौंपा

**उदयपुर**, (कासं)। अम्बामाता थाना क्षेत्र फतहसागर पाल तीसरी छतरी के समीप पानी में कूद कर मंगलवाड हाल हिरणमगरी निवासी राज शर्मा (22) ने आत्महत्या कर ली। एएसआई शिवदत्तसिंह ने पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।


**नाम परिवर्तन**

मैं इमरान खान S/O खलील हुसैन डायर निवासी माटा मोहल्ला कांकरोली जिला राजसमंद ने अपना नाम बदलकर इमरान खान डायर **(Imran Khan Dayer)** रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जावे ।

**MOHANLAL SUKHADIA UNIVERSITY**
**UDAIPUR-313039, Ph.No. (+912942471900)**
**Estate Office E-Tender Notice-09**
**No. EO/MLSU/E-Tender/2024-25/317** **Dated-14/10/2024**
**NIB CODE: SUU2425A0029 UBN No: SUU2425WSOB00056**
Bid for **security work at university campus and various units by deploying civil security guards, M.L.S University, Udaipur** are invited from interested bidders upto at **5:00 P.M.** on **25/10/2024**. Other Particulars of the bid may be visited on the procurement portal. **(http://www.sppp.raj.nic.in)** of the state and **www.mlsu.ac.in** departmental website.
**Executive Engineer**

**कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर ( राज. )**

क्रमांक : F.11( )/Regin-II//Bedwas/2024/380 दिनांक:16-10-2024

**आम-सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम बेड़वास के खसरा नम्बर 2519 से 2524, 2525 मी., 2525/1, 2526 मी., 2526/1, 2527 से 2531, 2532 मी., 3377/2530 मी., 3377/1, 3797/2532 के अनुमोदित योजना प्लान में स्थित भूखण्ड निम्नानुसार है।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | भूखण्ड संख्या | क्षेत्रफल ( वर्गफीट में ) |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री बंशीलाल दया पिता श्री रूप लाल दया, निवासी-16 / 701, दया निकुंज, गणेशनगर, पहाड़ा, उदयपुर (राज.) | 45 | 1250 (रिक्त) |
| 2 | श्री बंशीलाल दया पिता श्री रूप लाल दया, निवासी-16 / 701, दया निकुंज, गणेशनगर, पहाड़ा, उदयपुर (राज.) | 46 | 1250 (रिक्त) |

अत: वर्णित भूखण्ड का आवंटन/लीज डीड आवेदक के पक्ष में किये जाने के संबंध में यदि किसी संस्था/ व्यक्ति/फर्म इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 10 दिवस की अवधि में इस कार्यालय को प्रस्तुत करावें, अन्यथा इस अवधि उपरान्त पट्टा विलेख आवेदक के पक्ष में जारी किया जावेगा।

**( जितेन्द्र ओझा )**
**विशेषाधिकारी**
**उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर**


# सीएम के नेतृत्व में युवाओं को रोजगार के समुचित अवसर प्राप्त होंगे :चौधरी

**उदयपुर**, (कासं)। इस वर्ष राज्य सरकार करीब एक लाख सरकारी पदों पर भर्ती आयोजित करेगी। वही आने वाले 4 वर्षो में 3 लाख से भी अधिक पदों पर सरकारी भर्तियां आयोजित होगी। इसके अलावा 6 लाख से अधिक पदों पर निजी क्षेत्र की भर्ती होगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दूरदर्शी नेतृत्व में प्रदेश के युवाओं को रोजगार के समुचित अवसर प्राप्त होंगे।

- **प्रदेश में पहली बार भर्ती परीक्षाओं का कैलेंडर जारी हुआ**

यह बात बुधवार को उदयपुर दौरे पर आये प्रदेश सरकार के पीएचईडी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कही।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में पहली बार भर्ती परीक्षाओं का कैलेंडर जारी हुआ है, यह एक ऐतिहासिक पहल है।उन्होंने कहा कि पेपर लीक माफिया के खिलाफ भी सरकार कडी कार्रवाई कर रही है।

पेपर लीक मामले में पुलिस ने उल्लेखनीय कार्य किया है। बडी मछलियों पर भी सरकार ने प्रभावी कार्रवाई की है। जांच के दायरे में राजनीतिक संरक्षण प्राप्त लोग भी आएंगे। जिन्होंने युवाओं के हितों के साथ कुठाराघात किया है उन्हें किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने बताया कि उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा से जुडे हर तथ्य पर गहराई से मंथन किया जा रहा है तथा शीघ्र यथोचित निर्णय होगा।

इस अवसर पर पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि गत सरकार ने जल जीवन मिशन के तहत केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत राशि खर्च ही नहीं की एवं पूर्व सरकार के दौरान जल जीवन मिशन में जमकर भ्रष्टाचार हुआ था साथ ही कई स्तरों पर अनियमितताएं भी हुई थी। प्रधानमंत्री मोदी की पहल से राजस्थान में ईआरसीपी जैसी महत्वपूर्ण परियोजना अब मूर्त रूप ले रही है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नदी जोडो योजना के सपने को साकार करने का काम केंद्र और राज्य सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि ईश्वरीय कृपा से आज प्रदेश के सभी सभी जलाशय लगभग भरे हुए हैं। अटल भू.जल योजना का पूरा लाभ राजस्थान को मिले इस दिशा में प्रभावी प्रयास हो रहे हैं। राजस्थान के किसानों का अहित नहीं हो यही सरकार की प्रमुख मंशा है।

# अखिल भारतीय कॉमर्स कॉन्फ्रेंस में 28 राज्यों के 2300 शिक्षाविद भाग लेंगे

**उदयपुर**, (कासं)। पेसिफिक विवि और गोविंद गुरु ट्राइबल यूनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वावधान में 75 वीं ऑल इंडिया कॉमर्स कॉन्फ्रेंस 18,19 एवं 20 अक्टूबर को पेसिफिक विवि में आयोजित की जाएगी। देश की स्वतंत्रता के सौ वर्ष पूरे होने यानि 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र किस तरह बनेगा। विकसित भारत 2047 विषय पर देश भर के 400 से अधिक महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों के वाइस चांसलर, प्रोफेसर और रिसर्च स्कॉलर अपने शोध पत्रों का वाचन करेंगे।

- **पेसिफिक विवि अखिल भारतीय कॉमर्स कॉन्फ्रेंस 18 अक्टूबर से**

सम्मेलन में 2300 से अधिक शिक्षाविदों के 1008 शोध पत्र प्राप्त हुए हैं जिनका अलग- अलग सात सेशन में प्रस्तुतिकरण किया जाएगा। सम्मेलन के मुख्य वक्ता प्रोवोस्ट एंड डीन एनएमआइएमएस मुम्बई से प्रो. जस्टिन पॉल हैं। इन्हें दुनिया के कई देशों में विषय के अध्यापन का अनुभव है। पेसिफिक समूह के सचिव राहुल अग्रवाल ने बताया कि कांफ्रेंस के दौरान राष्ट्र हित के विभिन्न आर्थिक, औद्योगिक एवं वित्तीय मुद्दों पर परिचर्चा होगी जिससे कि राष्ट्रीय विकास के लिए एक सुदृड औद्योगिक एवं वाणिज्यिक नीति निर्माण में सहायता मिले तथा उद्योग जगत में आ रही समस्याओं के निदान के लिए भी उचित एवं अनुकूल सुझाव दिए जा सकेंगे।



**प्रो. हेमंत कोठारी ( बीच में ) ने अखिल भारतीय कॉमर्स कॉन्फ्रेंस के बारे में जानकारी दी।**

विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने की रणनीतियाँ बनाने में यह योगदान महत्वपूर्ण रहेगा। कांफ्रेस सेकेट्री गोविंद गुरु ट्राइबल यूनिवर्सिटी, बांसवाड़ा के कुलपति प्रो. के.एस. ठाकुर ने बताया कि दक्षिण राजस्थान में होने वाली यह अब तक की सबसे बडी कॉमर्स कॉन्फ्रेंस है जिसका लाभ क्षेत्र के विभिन्न शोधार्थियों तथा विद्यार्थियों को व्यापक रूप से मिलेगा।पेसिफिक विवि के प्रेसिडेंट प्रो. हेमंत कोठारी ने इसे विषय विशेषज्ञों एवं बुद्धिजीवियों का एक अनुपम सम्मेलन बताया जिसके माध्यम से डिजिटल युग में वाणिज्य और प्रबंधन शिक्षा के लिए रोडमैप विकसित करने और भारतीय ज्ञान परंपराओं के आधार पर प्रबंधन के भविष्य की संभावनाओं पर सार्थक परिचर्चा होगी।

साथ ही उन्होंने कहा कि कांफ्रेंस में 2300 से ज्यादा विषय विशेषज्ञ भाग लेंगें। रजिस्ट्रार शरद कोठारी ने बताया कि डिजिटल तकनीक के वाणिज्यिक प्रयोगों, समेकित ग्रामीण विकास, क्लाउड अकाउंटिंग, डाटा एनालिसिस और नवाचार पूर्ण डिस्ट्रीब्यूशन तथा सप्लाई चैन मैनेजमेंट जैसे गंभीर और अति महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा इस कांफ्रेंस का मुख्य आकर्षण रहेगी। इंडियन कॉमर्स एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी भी इसमें भाग लेंगे। कॉन्फ्रेंस के दौरान ही आगामी एग्जीक्यूटिव काउंसिल के चुनाव भी होंगे साथ ही आगामी अकादमी सत्र के लिए कॉमर्स के क्षेत्र में शैक्षणिक व सह शैक्षणिक राष्ट्र स्तरीय गतिविधियों के संचालन पर विचार मंथन होगा। कॉन्फ्रेंस कोर्डिनेटर डॉ. दिपिन माथुर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास, रोजगार के अवसर और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के उपायों पर की गयी मौलिक शोध भी यहां प्रस्तुत की जावेंगी। प्रोफेसर सैमीउद्दीन की स्मृति में दिये जाने वाले आई.सी.ए. रिसर्च स्कॉलर पुरस्कार को लेकर भी शोधार्थियों में काफी उत्सुकता है। कॉन्फ्रेंस समन्वयक डॉ. अनुराग मेहता ने कहा कि कॉन्फ्रेंस में हिस्सा ले रहे देश के तीन सौ शहरों से आए शिक्षाविद उदयपुर भ्रमण भी करेंगे।

